ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## वर्धा समाज कार्य संस्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह

## वर्धा समाज कार्य संस्थान स्थापना दिवस समारोह

वर्धा, 26 अगस्त 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के वर्धा समाज कार्य संस्थान का स्थापना दिवस सोमवार, 26 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि वर्धा समाज कार्य संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य की प्राप्ति में निरंतर आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय का यह एक महत्वाकांक्षी संस्थान है जो अपने शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपने को बल्कि विश्वविद्यालय को भी वैश्विक पटल पर ख्याति दिलाने की ओर अग्रसर है।




विशिष्ट वक्ता के रूप में नाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वात्सायन ने कहा कि समाज कार्य का महत्व इस संदर्भ में है कि वह अपने शिक्षा के माध्यम से स्वस्थ परिसर निर्मित करता है, जो स्वस्थ जीवन शैली और उत्तम व्यवहार से संबन्धित है। समाज कार्य दिल से दिल तक पहुँचने की एक प्रविधि है। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. नीना पाण्डेय ने कहा कि समाज कार्य को लोकतांत्रिक मूल्यों पर खरा उतरना आवश्यक है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करते हुए कहा कि समाज कार्य का केंद्र बिन्दु आध्यात्म है। इस हेतु सामाजिक सम्बन्धों और मनोभाव को समझना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज कार्य का दृष्टिकोण आदर्श समाज की ओर बढ़ाना है।

वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान शैन: शैन: समाज कार्य के भारतीय दृष्टिकोण के भव्य स्वरूप को लाने में महत्व पूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिसमें अनेकों पूर्व सदस्यों की भी महती भूमिका है तथा वे संस्थान के नींव के पत्थर हैं। स्थापना दिवस का यह अवसर हमें मूल्यांकन और समीक्षा करने, नई योजनाओं का निर्माण करने एवं अपने उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है।

इस अवसर पर विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, डॉ. युवराज खरे, परमानंद राठौर, डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. शिवाजी जोगदंड, संस्कृत विद्यापीठ के डॉ. वागीश राज शुक्ल, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के डॉ. विजय सिंह, डॉ. मनोज तिवारी, संस्थान एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, अध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभासी माध्यम से क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के डॉ. श्याम सिंह और विद्यार्थी सहभागी हुए। संगोष्ठी का संचालन वर्धा समाज कार्य संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिव सिंह बघेल ने किया तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार तिवारी ने आभार माना।

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## वर्धा समाजकार्य संस्था सातत्याने पुढे जात आहे : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह
## वर्धा समाज कार्य संस्थेचा स्थापना दिवस साजरा

वर्धा, 26 ऑगस्ट 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या वर्धा समाज कार्य संस्थेचा स्थापना दिवस सोमवार, 26 ऑगस्ट रोजी मोठ्या उत्साहात साजरा करण्यात आला. याप्रसंगी एकदिवसीय चर्चासत्राचे अध्यक्ष म्हणून बोलतांना कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह म्हणाले की वर्धा समाज कार्य संस्था राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरण 2020 चे उद्दिष्ट साध्य करण्यासाठी सातत्याने पुढे जात आहे. ही विश्वविद्यालयाची एक महत्त्वाकांक्षी संस्था आहे जी आपल्या शैक्षणिक उपक्रमांतून केवळ स्वत:चेच नव्हे तर विश्वविद्यालयाला जागतिक स्तरावर नेण्याच्या दिशेने वाटचाल करत आहे.

विशेष वक्ते म्हणून नाडा इंडिया फाऊंडेशनचे अध्यक्ष सुनील वात्सयन म्हणाले की सामाजिक कार्य आपल्या शिक्षणाद्वारे निरोगी वातावरण तयार करते. समाजकार्य हे हृदयापासून हृदयापर्यंत पोहोचण्याचे तंत्र आहे. प्रमुख वक्ते म्हणून दिल्ली विश्वविद्यालयाच्या प्रो. नीना पांडे म्हणाल्या की, सामाजिक कार्यासाठी लोकशाही मूल्ये जगणे आवश्यक आहे. स्वामी विवेकानंदांना उद्धृत करून त्या म्हणाल्या की अध्यात्म हा समाजकार्याचा केंद्रबिंदू आहे. त्यासाठी सामाजिक संबंध, भावना समजून घ्याव्या लागतात. आदर्श समाजाच्या दिशेने वाटचाल करणे ही सामाजिक कार्याची दृष्टी असल्याचेही त्यांनी सांगितले.

वर्धा समाजकार्य संस्थेचे निदेशक प्रो. बंशीधर पांडे यांनी स्थापना दिनाच्या शुभेच्छा देत म्हणाले की सामाजिक कार्याच्या भारतीय दृष्टीचे भव्य रूप समोर आणण्यात ही संस्था महत्त्वाची भूमिका बजावत आहे. ज्यामध्ये अनेक माजी सदस्यांचाही महत्त्वाचा वाटा आहे आणि ते संस्थेचे स्तंभ आहेत. स्थापना दिनाचा हा दिवस आपल्यासाठी मूल्यमापन आणि पुनरावलोकन करण्याचा, नवीन योजना बनवण्याचा आणि आपल्या यशाचा उत्सव साजरा करण्याचा दिवस आहे.

या प्रसंगी विधि विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, डॉ. युवराज खरे, परमानंद राठौर, डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. शिवाजी जोगदंड, संस्कृत विद्यापीठाचे डॉ. वागीश राज शुक्ल, डॉ. विजय सिंह, डॉ. मनोज तिवारी, संस्था व विविध विभागाचे शिक्षक, अध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित होते. आभासी माध्यमातून क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराजचे डॉ. श्याम सिंह व विद्यार्थी सहभागी झाले. संचालन वर्धा समाज कार्य संस्थेचे सहायक प्रोफेसर डॉ. शिव सिंह बघेल यांनी केले तर सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार तिवारी यांनी आभार मानले.

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**